मॉडल प्रश्न–पत्र–II

कक्षा – बारहवीं

विषय – व्यवसाय अध्ययन

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश– 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 में तीन खण्ड है। खण्ड (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए। खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति व खण्ड (स) सत्य/असत्य लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।
4. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न (I) है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न (II) है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है।
6. प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।
7. प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

(खण्ड–अ)

प्रश्न 1. **(अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए–** (1 × 5 = 5)

(i) एक स्त्री द्वारा अपने पति के लिए खाना पकाना कहलाता है–

(अ) आर्थिक क्रिया (ब) अनार्थिक क्रिया

(स) रोजगार (द) व्यवसाय

(ii) साझेदारी अधिनियम है–

(अ) 1932 (ब) 1956

(स) 1955 (द) 1942

(iii) वैज्ञानिक प्रबंध के जन्मदाता है–

(अ) हेनरी फेयोल (ब) एफ. डब्ल्यू. टेलर

(स) लारेन्स ए. एप्पल (द) इनमें से कोई नहीं

(iv) भर्ती के कितने स्रोत होते हैं–

(अ) एक (ब) दो

(स) तीन (द) चार

(v) फुटकर व्यापारी किससे माल खरीदते हैं–

(अ) निर्माता (ब) पूँजीपति

(स) उपभोक्ता (द) थोक व्यापारी

(खण्ड–ब)

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (1 × 7 = 7)

(i) भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक की स्थापना .... में हुई।

(ii) प्रबंध कला एवं .... दोनों है।

(iii) स्थानांतरण भर्ती का .... स्रोत है।

(iv) विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं से .... लिया जा सकता है।

(v) वित्तीय प्रबंध का मुख्य उद्देश्य अंशधारियों के धन को .... करना है।

(vi) थोक व्यापार में .... वस्तुओं का व्यापार होता है।

(vii) विशिष्ट वस्तुएँ वह होती है। जिसमें .... गुण पाया जाता है।

(खण्ड–स)

(स) सत्य/असत्य लिखिए– (1 × 8 = 8)

(i) केवल नये कर्मचारी को प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है।

(ii) प्रबंध के दो स्तर है।

(iii) प्रबंध का अंतिम कार्य नियोजन है।

(iv) नियंत्रण की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है।

(v) पर्यवेक्षक योजनाओं को कार्यवाही में परिणित करते हैं।

(vi) भारत की अर्थव्यवस्था मिश्रित है।

(vii) विक्रय की मात्रा का निर्धारण वित्तीय नियोजन है।

(viii) विज्ञापन का क्षेत्र विस्तृत है।

प्रश्न 2. पर्यावरण प्रदूषण के किन्हीं दो कारणों को लिखिए। (1+1=2)

प्रश्न 3. BPO का का पूरा नाम लिखिए। (2)

प्रश्न 4. प्रावइवेट कम्पनी किसे कहते हैं। (2)

प्रश्न 5. एकाकी व्यापार के असीमित उत्तरदायित्व को स्पष्ट कीजिए। (2)

प्रश्न 6. रोजगार कार्यालय के किन्हीं दो कार्यों को लिखिए। (1+1=2)

प्रश्न 7. ''समन्वय प्रबंध का सार है।'' स्प्ष्ट कीजिए। (2)

प्रश्न 8. निर्देशन के घटक कौन–कौन से है ? (कोई दो) (1+1=2)

प्रश्न 9. अल्पकालीन ऋण कितने समय के लिए प्रदान किये जाते हैं। स्पष्ट कीजिए। (2)

प्रश्न 10. किन्हीं दो विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं के नाम लिखिए। (1+1=2)

प्रश्न 11. स्थायी संपत्ति के दो उदाहरण दीजिए। (1+1=2)

प्रश्न 12. ट्रेजरी बिल से क्या आशय है। (2)

प्रश्न 13. जहाजी बिल्टी से क्या आशय है ? (2)

प्रश्न 14. ऑनलाइन लेन–देन करते समय प्रयोग में लाई जाने वाली किन्हीं तीन सावधानियों का उल्लेख कीजिए। (1+1+1=3)

प्रश्न 15. ''एकाकी व्यापार विश्व में सर्वश्रेष्ठ है।'' स्पष्ट कीजिए। (3)

प्रश्न 16. प्रशिक्षण और विकास में तीन अंतर स्पष्ट कीजिए। (3)

प्रश्न 17. अभिप्रेरण के तीन महत्व लिखिए। (1+1+1=3)

प्रश्न 18. नियंत्रण के विभिन्न चरणों को समझाइये। (कोई तीन) (1+1+1=3)

प्रश्न 19. एक उत्पाद की पैकेजिंग के तीन उद्देश्य लिखिए। (1+1+1=3)

प्रश्न 20. समन्वय के चार महत्व लिखिए। (1+1+1+1=4)

अथवा

समन्वय के चार विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 21. भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के चार कार्य लिखिए। (1+1+1+1=4)

अथवा

ऋणपत्र के प्रकार लिखिए। (कोई चार)

प्रश्न 22. एक स्वस्थ वित्तीय नियोजन के लिए चार आवश्यक बातें लिखिए। (1+1+1+1=4)

अथवा

लाभांश निर्णय को प्रभावित करने वाले चार कारकों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 23. एक आदर्श विक्रयकर्ता के किन्हीं चार गुणों को समझाइए। (1+1+1+1=4)

अथवा

विज्ञापन व प्रचार में चार अन्तर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 24. अभिप्रेरण के विशेषताएँ लिखिए। (कोई पाँच) (1+1+1+1+1=5)

अथवा

संगठन की विशेषताएँ लिखिए। (कोई पाँच) (1+1+1+1+1=5)

प्रश्न 25. विपणन प्रबंध के पाँच लाभ लिखिए। (1+1+1+1+1=5)

अथवा

विपणन के पाँच उद्देश्य लिखिए। (1+1+1+1+1=5)

प्रश्न 26. ''विज्ञापन व्यवसाय और समाज के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।'' विवेचना कीजिए। (3+3=6)

अथवा

वस्तु अथवा सेवा के मूल्य निर्धारण को प्रभावित करने वाले तीन कारकों की व्याख्या कीजिए। (2+2+2=6)

प्रश्न 27. फुटकर व्यापार व थोक व्यापार में छः अंतर स्पष्ट कीजिए। (1+1+1+1+1+1=6)

अथवा

विभागीय भण्डार व्यापार व श्रृंखलाबद्ध या बहुसंख्यक दुकानें में छः अंतर स्पष्ट कीजिए।